CLASS
10
SAMPLE PAPER 2026-27

SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

IHO

SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 50 समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	35	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	3

पाठ्यक्रम

खंड-1: भाषा-विचार, वर्ण-विचार, शब्द-विचार, संधि एवं समास, उपसर्ग एवं प्रत्यय, विकारी शब्द, काल एवं कारक, लिंग एवं वचन, अविकारी शब्द, वाच्य, वाक्य-रचना एवं विराम-चिह्न, पदबंध एवं पद-परिचय, अलंकार, भारतीय साहित्य एवं संस्कृति

खंड-2: अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. दिए गए वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए–
सुकृति गा रही है और नाच रही है।
(क) सुकृति गाते हुए नाच रही है। (ख) जब सुकृति गाती है, तब नाचती भी है।
(ग) सुकृति गा और नाच रही है। (घ) सुकृति गाकर नाच रही है।

2. 'रसिया' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(क) ईया (ख) या (ग) इया (घ) इनमें से कोई नहीं

3. दिए गए वाक्य के रेखांकित वाक्यांश में कौन-सा पदबंध है?
दादा जी पत्र पढ़ रहे हैं।
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

4. दिए गए वाक्य को उचित शब्द-युग्म द्वारा पूर्ण कीजिए–
प्रत्यय _____ होते हैं तथा मूल शब्द के _____ लगते हैं।
(क) शब्द, पूर्व (ख) शब्द, पश्चात (ग) शब्दांश, पश्चात (घ) शब्दांश, पूर्व

5. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के साधन का बोध होता है, उसे _____ कारक कहते हैं।
(क) कर्म (ख) करण (ग) संप्रदान (घ) अपादान

6. _____ महाराष्ट्र का प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य है।
(क) लावणी (ख) कथकली (ग) घूमर (घ) कजरी

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–

समय उन्हीं के रथ-अश्वों को हाँकता है, जो कर्मण्य हैं, जो भाग्य के भरोसे बैठना मानवीय पौरुष का अपमान समझते हैं। इतिहास साक्षी है कि भाग्य का आश्रय छोड़कर कर्म में तत्पर होने वाले लोगों ने ही इतिहास का निर्माण किया है, समय पर शासन किया है। भगवान श्री कृष्ण यदि भाग्य के सहारे बैठे रहते तो एक ग्वाले का जीवन बिताकर ही एक दिन काल-कवलित हो जाते, नादिरशाह जन्म भर ईरान में भेड़ों के झुंड को ही चराता रहता, स्टालिन अपने वंश-परंपरागत व्यवसाय जूते बनाने के काम को ही करता हुआ एक कुशल मोची बनता, गोर्की कूड़े-कचरे के ढेर से चिथड़े ही चुनता रहता, प्रेमचंद एक प्राथमिक पाठशाला के अध्यापक के रूप में ही अज्ञात रहकर मर जाता, बाबर समरकंद से भागकर कहीं हिंदूकुश पर्वत की श्रेणियों में ही खो जाता, हैदर अली सेना का एक सामान्य सिपाही ही बना रहता और लाल बहादुर शास्त्री के लिए प्रधानमंत्री बनना एक सुहावना सपना भर ही होता।

7. किस प्रकार के लोगों ने समय पर शासन किया है?
(क) अकर्मण्य लोगों ने
(ख) भाग्यवादी लोगों ने
(ग) कर्म में तत्पर नहीं होने वालों ने
(घ) भाग्य का आश्रय छोड़कर कर्म में तत्पर होने वालों ने

8. लाल बहादुर शास्त्री जैसे अन्य महापुरुषों का उदाहरण किस संदर्भ में दिया गया है?
(क) सपने देखना अच्छी बात है।
(ख) सपनों को साकार करने के लिए दृढ़-संकल्प शक्ति, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है।
(ग) भाग्यवादी इनसान सपनों के आधार पर ही सफलताओं को हासिल कर लेते हैं।
(घ) उपरोक्त सभी

मेधावी खंड

9. निम्नलिखित समस्तपदों को समास के भेदों के आधार पर सुमेलित कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) कृष्णोपासक	(i) बहुव्रीहि समास
(ब) विद्यारत्न	(ii) कर्मधारय समास
(स) अठन्नी	(iii) द्विगु समास
(द) सुलोचना	(iv) तत्पुरुष समास

(क) (अ)-(ii), (ब)-(i), (स)-(iv), (द)-(iii) (ख) (अ)-(i), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(iv)
(ग) (अ)-(iv), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(i) (घ) (अ)-(i), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(iv)

10. निम्नलिखित पंक्तियों को उनमें प्रयुक्त अलंकार के भेदों के आधार पर सुमेलित कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) पीपर पात सरिस मन डोला।	(i) अनुप्रास अलंकार
(ब) आए महंत वसंत।	(ii) उपमा अलंकार
(स) तीन बेर खाती थीं वो, तीन बेर खाती है।	(iii) रूपक अलंकार
(द) मिटा मोदु मन भए मलीने।	(iv) यमक अलंकार

(क) (अ)-(iii), (ब)-(i), (स)-(ii), (द)-(iv) (ख) (अ)-(ii), (ब)-(iii), (स)-(iv), (द)-(i)
(ग) (अ)-(iii), (ब)-(ii), (स)-(i), (द)-(iv) (घ) (अ)-(i), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(iv)

उत्तर कुंजी

1. (क) 2. (ग) 3. (ग) 4. (ग) 5. (ख) 6. (क) 7. (घ) 8. (ख) 9. (ग) 10. (ख)